# बस्तर में सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ



जगदलपुर, 2 सितंबर (दण्डकारण्य समाचार)। बस्तर जिले में ÷सांसद खेल महोत्सव फिट युवा फॉर विकसित भारत 2025÷ का शुभारंभ सोमवार को धरमपुरा क्रीड़ा परिसर (इंडोर स्टेडियम) में हुआ। महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं की खेल प्रतिभा को पहचान दिलाना, खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ÷खेलो इंडिया, फिट इंडिया÷ अभियान को आगे बढ़ाना है।

महोत्सव की प्रतियोगिताएँ ग्राम पंचायत, विधानसभा और लोकसभा स्तर तक आयोजित की जाएँगी। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजन 21 सितम्बर से 21 अक्टूबर तक होगा, इसके बाद 22 अक्टूबर से 22 नवम्बर तक विधानसभा स्तर पर प्रतियोगिताएँ होंगी और 23, 24 तथा 25 दिसम्बर को लोकसभा स्तर पर अंतिम मुकाबले खेले जाएँगे। समापन समारोह 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस दिन उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

प्रतियोगिताओं में 12 से 18 वर्ष, 18 से 40 वर्ष और 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भाग लेंगे। फुटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, रस्साकशी जैसे लोकप्रिय खेलों के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों के लिए कुर्सी दौड़ और दिव्यांगजनों के लिए विशेष प्रतियोगिताएँ भी होंगी। सभी प्रतिभागियों के लिए ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गई है, जो 29 अगस्त से 20 सितम्बर 2025 तक आधिकारिक वेबसाइट 222.ह्यड्ठह्यड्डस्रद्मद्धद्गद्यद्वड्ड-द्धश्लह्लह्यड्ड1.द्बठ्ठ पर किया जा सकेगा। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए बताया कि वे स्वयं भी कबड्डी खेलते थे, किंतु अभावों के कारण आगे नहीं बढ़ पाए। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे खेलों में अवश्य भाग लें, क्योंकि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और सफलता की राह भी खोलते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रेलवे और कई बड़ी कंपनियाँ खेल प्रतिभाओं को रोजगार में प्राथमिकता देती हैं, जिससे खिलाड़ियों का भविष्य सुरक्षित होता है।

उन्होंने सभी युवाओं से आह्वान किया कि वे सांसद खेल महोत्सव में ऑनलाइन पंजीयन कर सक्रिय भागीदारी करें और इस अवसर का लाभ उठाएँ। सांसद कश्यप ने कहा सांसद खेल महोत्सव से बस्तर के खिलाड़ियों को न केवल अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा मंच मिलेगा,बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

# स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान के अंतर्गत पूजा सामग्री संग्रहण वाहन (ई-रिक्शा) सेवा का शुभारंभ



जगदलपुर, 2 सितंबर (दण्डकारण्य समाचार)। नगर निगम जगदलपुर द्वारा गणेशोत्सव के अवसर पर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अभिनव पहल की गई है। नगर के विभिन्न गणेश पंडालों से पूजन सामग्री एकत्र करने हेतु विशेष पूजा सामग्री संग्रहण वाहन (ई-रिक्शा सेवा) का शुभारंभ आज बालाजी वार्ड गणेश पंडाल से किया गया। इस सेवा का उद्घाटन महापौर संजय पांडे द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि गणेशोत्सव आस्था और श्रद्धा का पर्व है, किंतु साथ ही हमें स्वच्छता और पर्यावरण संतुलन का भी ध्यान रखना चाहिए। पंडालों में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में एकत्र होने वाली फूल-माला एवं अन्य पूजन सामग्री प्रायः जल स्रोतों अथवा नालियों में प्रवाहित कर दी जाती है, जिससे स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होती है तथा पर्यावरण प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती है। इसी समस्या के समाधान हेतु नगर निगम ने यह सेवा प्रारंभ की है। पूजा सामग्री संग्रहण हेतु लगाए गए ई-रिक्शा प्रतिदिन नगर के समस्त गणेश पंडालों से सामग्री एकत्र करेगा। एकत्रित सामग्री का उपयोग आगे चलकर कम्पोस्ट खाद एवं अन्य पर्यावरण हितैषी उत्पादों के निर्माण में किया जाएगा। इस पहल से न केवल कचरा प्रबंधन की समस्या का समाधान होगा बल्कि नगर को स्वच्छ एवं हरित बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

# मकान क्षति और अन्य क्षति का मुआवजा हेतु तत्काल कार्यवाही करें सुनिश्चित - कलेक्टर



जगदलपुर, 2 सितम्बर (दण्डकारण्य समाचार)। कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि जिले के अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों के मकान क्षति और अन्य क्षति का मुआवजा हेतु तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही इन क्षेत्रों में मलेरिया, डायरिया जैसे बीमारियों के रोकथाम हेतु स्वास्थ्य शिविर का लगातार आयोजन करें और बीमारियों के प्रति जागरूकता अभियान भी करते रहें। कलेक्टर हरिस मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान लोहंडीगुड़ा, बास्तानार, तोकापाल, दरभा, बकावंड क्षेत्र के बाढ़ प्रभावितों का सर्वे की स्थिति और मुआवजा वितरण कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सोलर पंप का सुधार हेतु पंचनामा के आधार पर क्रेडा विभाग को क्लेम हेतु प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मौसम विभाग द्वारा मंगलवार को जारी रेडअलर्ट को मद्देनजर रखते हुए सतर्कता बनाए रखने सहित तेज बहाव वाले नदी-नालों के सड़क के समीप वाले ग्राम पंचायतों को आवाजाही को नियंत्रित करने की पहल करने के लिए भी कहा।

कलेक्टर ने बैठक में नियद नेल्लानार योजना के तहत हाऊस होल्ड के आधार पर योजनाओं के हितग्राहियों का संबंधित विभागों को लंबित डाटा एंट्री को जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल के एक माह से अधिक लंबित प्रकरणों पर चर्चा कर संबंधित विभागों को निराकृत करने के लिए कहा गया।उन्होंने विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)की प्रगति के चर्चा के दौरान सितम्बर माह तक निर्धारित लक्ष्य के मकानों का निर्माण में प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरा कलेक्शन, पर्यटन स्थल पर प्लास्टिक का उपयोग को रोकने की गतिविधी का संज्ञान लिया। एनआरएलएम के तहत समूहों को ऋण सुविधा की स्थिति की समीक्षा की गई, ऋण के प्रकरण बैंक में जमा होने के उपरांत तीन दिन में कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और निर्माण कार्यों को गति देने के निर्देश दिए।

# एनएचएम हड़ताल कर्मियों ने पीएम-सीएम के नाम खून से लिखा खत



## नियमितीकरण समेत 10 सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग

जगदलपुर, 2 सितम्बर (दण्डकारण्य समाचार)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम विष्णुदेव साय सहित प्रदेश के स्वास्थ्य और वित्त मंत्री को अपने खून से पत्र लिखा और 10 सूत्रीय मांगें पूरी करने की मांग रखी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम विष्णुदेव साय सहित प्रदेश के स्वास्थ्य और वित्त मंत्री को अपने खून से पत्र लिखा और 10 सूत्रीय मांगें पूरी करने की मांग रखी। सालों से संविदा कर्मचारी के रूप में सेवाएं दे रहे डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी सरकार की उदासीनता के खिलाफ 15 दिनों से आंदोलनरत हैं। एनएचएम कर्मचारियों के आंदोलन के कारण मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल सहित सभी सीएचसी और पीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत कर्मी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इनमें डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियन भी शामिल हैं। स्वास्थ्य कर्मियों के मांगों को लेकर राज्य सरकार के साथ सहमति नहीं बन सकी है। कुछ मांगों को पूरा करने सरकार तैयार हुई है, लेकिन आंदोलनरत एनएचएम कर्मी संविलयन से कम में मानने को तैयार नहीं हैं।

### अपने खून से पीएम को लिखा पत्र

आंदोलनकारी स्वास्थ्य कर्मियों ने मंगलवार को खून से खत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णुदेव साय सहित प्रदेश के स्वास्थ्य और वित्त मंत्री के नाम लिखा एनएचएम कर्मियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगें पूरा कराने की मांग रखी है। हड़ताल कर्मियों का कहना है कि वे सालों से संविदा कर्मी के रूप में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। नियमित कर्मियों के समान सेवा देने के बाद भी सरकार उन्हें समान वेतन और फायदा देने को तैयार नहीं है, जबकि मध्य प्रदेश में समान वेतन-भत्ता दिया जा रहा है।

# बाबा रामदेव मंदिर में किया गया ध्वजापरिवर्तन

## बुधवार को शोभा यात्रा के साथ बाबा का भादवा मेला होगा संपन्न



जगदलपुर, 2 सितम्बर (दण्डकारण्य समाचार)। नगर के संतोषी वार्ड स्थित श्री श्री बाबा रामदेव मंदिर में आयोजित भादवा मेला में मंगलवार को पूजा-अर्चना के बाद ध्वजापरिवर्तन किया गया। बुधवार की सुबह मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा मंदिर पहुंचने के बाद महाआरती कर बाबा को भोग प्रसाद अर्पित किया जाएगा। श्री श्री बाबा रामदेव मंदिर समिति के द्वारा 25 अगस्त से शुरु भादवा मेला कार्यक्रम में 02 सितंबर की सुबह 9.30 बजे ध्वजा परिवर्तन किया गया। यह विधान इस वर्ष मंदिर के पुजारी द्वारा किया गया। सदस्यों ने बताया कि भादवा मेले की शुरुआत 25 अगस्त से हुई, जिसमें बाबा रामदेव का अभिषेक किया गया। इसके बाद 30 अगस्त को अखंड परिक्रमा शुरु हुई जो पूरे विधि विधान के साथ पूरा किया गया। ध्वजा परिवर्तन के साथ भादवा मेले का समापन बुधवार को शोभा यात्रा और प्रसाद वितरण के साथ होगा।

# रक्तदान शिविर में अनेक रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



जगदलपुर, 2 सितम्बर (दण्डकारण्य समाचार)। छत्तीसगढ़ के रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला महारानी अस्पताल में आयोजित एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर बड़ी संख्या में स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर उपस्थित लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बने। रक्तदान के उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद ने रक्तदान को महादान की संज्ञा देते हुए नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक छोटी सी पहल किसी जरूरतमंद की जान बचा सकती है। उन्होंने बताया कि 18 से 65 वर्ष आयु का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। न्यूनतम वजन 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन स्तर 12.5 ग्राम होना आवश्यक है। एक बार में लगभग 350 मिलीलीटर रक्त लिया जाता है। इस दौरान डॉ नीरज, डॉ डाकेश, कालेन्द्र, बीकेश, विमल पोया आदि मौजूद रहें।

# 1.26 लाख रूपये गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



जगदलपुर, 2 सितम्बर (दण्डकारण्य समाचार)। ओड़िशा राज्य से होने वाले अवैध मादक पदार्थ गाजा के परिवहन पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया है। नगरनार पुलिस टीम के द्वारा गांजा तस्करो के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10.265 किग्रा किलोग्राम गांजा जब्त कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। नगरनार पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति थैला में अवैध रूप से गांजा रखकर ओड़िशा राज्य से जगदलपुर की ओर बिक्री हेतु परिवहन करने की फिराक में है। सुचना पर हमराह पुलिस टीम के द्वारा ग्राम चोकावाडा चौक के पास पहुंचकर घेराबंदी कर मुखबीर के बताये हुलिये के व्यक्ति को पकडे पुछताछ करने पर अपना नाम निरंजन खिलो (24) निवासी सतीगुडा जयपुर जिला कोरापुट ओड़िशा का रहने वाली बताया। आरोपी के कब्जे के से 02 पैकेट सैलोटेप से लिपटा हुआ 10.265 किलोग्राम गांजा कीमती 102650 रूपये बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट क़ायम कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# नक्सलियों ने सिरसट्टी के दो ग्रामीणों की कर दी हत्या

सुकमा, 2 सितंबर (दण्डकारण्य समाचार)। थाना केरलापाल अंतर्गत ग्राम सिरसेटी के नंदापारा में सोमवार की रात नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की बेरहमी से हत्या कर दी। वहीं घटना स्थल से माओवादियों के केरला पाल एरिया कमेटी दरभा डिविजन कमेटी का पर्चा बरामद हुआ है जिसमें माओवादियों ने इस पूरे हत्या कांड की जिम्मेदारी ली है। इस घटना के बाद क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल गहरा गया है। ग्रामीण अब सुरक्षा को लेकर प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। मिली जानकारी अनुसार नक्सली देर रात गांव में पहुंचे और दो ग्रामीणों को अगवा कर लिया। बाद में दोनों को मौत के घाट उतार दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दल घटनास्थल की ओर रवाना हुआ और तस्दीक की कार्रवाई शुरू की गई। सूत्रों का कहना है कि नक्सलियों ने ग्रामीणों पर मुखबिरी का आरोप लगाया था। बस्तर संभाग के कई इलाकों में पहले भी इसी तरह ग्रामीणों को नक्सलियों का शिकार बनना पड़ा है। लगातार हो रही इस तरह की वारदातों ने ग्रामीणों की जिंदगी को संकट में डाल दिया है।

### जांच जारी - डीएसपी

डीएसपी परमेश्वर ने बताया कि मामले की जांच जारी है और विस्तृत जानकारी जल्द साझा की जाएगी। वहीं, पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

# 16 सक्रिय माओवादी सदस्य गिरफ्तार



## विस्फोटक एवं प्रचार-प्रसार की सामग्री बरामद

बीजापुर, 2 सितम्बर (दण्डकारण्य समाचार)। जिला बीजापुर के अलग अलग थाना क्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियान के तहत अहम सफलता प्राप्त हुई है। थाना बासागुड़ा में - 02, गंगालूर में- 06 और जांगला क्षेत्र में कार्यवाही के दौरान 08 सक्रिय माओवादियों को विस्फोटक, एवं माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री के साथ पकड़ा गया।

### कब्जे से बरामद सामग्री

आईईडी, कुकर बम, टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, मल्टीमीटर, बिजली का तार , जमीन खोदने का औजार, माओवादी संगठन की प्रचार प्रसार की सामग्री (बैनर, पोस्टर, पाम्पलेट

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पुलिस पार्टी को क्षति पहुँचाने हेतु ढ्ढश्वष्ठ लगाने की योजना के तहत यह सामग्री लेकर आए थे। समक्ष गवाहों के विधिवत विस्फोटक एवं प्रचार सामग्री की जप्ती की गई। बरामद सामग्री को जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के पश्चात न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

मुद्रक व प्रकाशक विश्वरूप बोस द्वारा मालिक विश्वरूप बोस के लिए दण्डकारण्य समाचार, समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से मुद्रित एवं समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से प्रकाशित : प्रधान संपादक - श्रीमती मणिकुंतला बोस
संपादक - विश्वरूप बोस Post Box No.- 8, ☎ Office - 07782/227594 Fax- 07782/227593 E-mail: news@dandakaranyasamachar.com Website: www.dandakaranyasamachar.com